भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न सं.1217

दिनांक 27 जुलाई, 2021 को उत्तरार्थ

फिट इंडिया मूवमेंट

1217. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंचायती राज मंत्रालय ने देश के दूरस्थ क्षेत्रों में "फिट इंडिया मूवमेंट" की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के समन्वय से कोई रूपरेखा तैयार की है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री

(श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल)

(क) 'पंचायत' राज्य का विषय होने के कारण, पंचायत से संबंधित सभी मामले राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पंचायत स्तर पर 'फिट इंडिया मूवमेंट' को लोकप्रिय बनाने और फिट इंडिया मूवमेंट की गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी गई है।

(ख) और (ग) कोई कार्यक्रम, परियोजना और स्कीम शुरू नहीं की गई थी।

****